चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 24.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो मे भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

(2). आज दिनाँक 24.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपहृतों/गुमशुदाओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में थाना मानिकपुर पुलिस ने आवासीय विद्यालय में मन न लगने से दीवाल कूदकर भागे 02 बालको सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 24.07.2024 को हेमचंद्र गुप्ता प्रधानाचार्य जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर चित्रकूट द्वारा सूचना दी कि मेरे विद्यालय में बोर्डिंग में आवासित दो बच्चे नाम 1. आशीष पुत्र अमर सिंह उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी चित्रकूट 2. करन कुमार पुत्र ज्ञान सिंह उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम गिरधार का पुरवा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट दिनाँक 22.07.2024 को विद्यालय में आए परिवरीजन उन्हें छोड़कर चले गए रात में दोनों बच्चे 9:00 बजे तक उपस्थित थे दिनांक 23.07.2024 को प्रातःजानकारी हुई कि दोनों बच्चे हॉस्टल में नहीं है कि सूचना पर थाना स्थानीय पर गुमशुदगी पंजीकृत की गयी। उ0नि0 राजोल नागर व उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए गुमशुदगी दर्ज होने के मात्र चार घंटे के अन्दर ही दोनों बच्चों को मालिन टंकी बहिलपुरवा मोड़ के पास से समय करीब 11.40 बजे दिन में सकुशल बरामद किया गया। बच्चों से पूछने पर बताया गया कि हम लोगों का मन विद्यालय में नहीं लगता था इसलिए रात्रि में दीवाल कूद कर चले गए थे और आज कर्वी की तरफ जा रहे थे। हम लोगों को किसी ने कुछ नहीं कहा था मन न लगने के नाते चले गए थे। बच्चों को सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बरामद करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री रजोल नागर थाना मानिकपुर
2. उ0नि0 श्री पवन चौधरी
3. आरक्षी जलील अहमद

(4). आज दिनाँक 24.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा थाना सरधुवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, बंदीगृह, मालखाना, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, आवासीय परिसर का भ्रमण प्रभारी निरीक्षक सरधुवा को रजिस्टरों को अद्यवधिक रखने तथा थाना परिसर की साफ-सफाई,वांछित वारण्टी एवं विवेचना निस्तारण सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।